# O.P.JINDAL SCHOOL , SAVITRI NAGAR

PRE – BOARD – II (2025-26)

Class - 10th

**सामान्य निर्देश :-**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :-**

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं-क, ख, ग, घ ।
- प्रश्न पत्र में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं|
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं,जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

**विषय- हिन्दी (002)**

**अवधि- 3 घंटे** **अधिकतम अंक- 80**

| प्रश्न संख्या | खंड क<br>(अपठित बोध) | अंक<br>14 |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | 7 |
| | जैविक खेती कृषि की एक ऐसी विधि है जो फ़सल उगाने और पशुओं को पालने के लिए प्राकृतिक प्रक्रियाओं और सामग्रियों पर निर्भर करती हैं। इसमें कीटनाशकों, उर्वरकों और रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए खाद, गोबर और फ़सल चक्र का उपयोग किया जाता है । जैविक खेती टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देती है, मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है, प्रदूषण को कम करती है और जैव-विविधता की भी रक्षा करती है। ब्रिटिश वनस्पतिशास्त्री सर अल्बर्ट हॉवर्ड को आधुनिक जैविक कृषि का जनक कहा जाता है ।वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने पारंपरिक कृषि में आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान और विधियों को लागू किया था। जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं । जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा कृषकों को भी अधिक लाभ प्राप्त होता है । मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितांत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हो, शुद्ध वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिए हमें जैविक खेती की कृषि पद्धतियों को अपनाना होगा जो कि हमारे नैसर्गिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किए बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकेगी तथा हमें खुशहाल जीवन जीने की राह दिखा सकेगी। | |
| क | निम्नलिखित में से कौन?सा कथन सही है- | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) सर अल्बर्ट हावर्ड को आधुनिक जैविक कृषि का जनक कहा जाता है।<br>(ii) जैविक खेती से फसलें रसायन-मुक्त होती हैं।<br>(iii) जैविक खेती उत्पादन की लागत को बढ़ा देती है।<br>विकल्प -<br>(क) (i) और (ii) सही हैं।<br>(ख) (ii) और (iii) सही हैं।<br>(ग) (i) और (iii) सही हैं।<br>(घ) (i), (ii) और (iii) सही हैं। | |
| ख | कथन (A): जैविक खेती किसानों के जीवन स्तर में सुधार करती है।<br>कारण (R): अंतर्राष्ट्रीय बाजार में रसायन-मुक्त फसल की अधिक माँग होती है।<br>विकल्प –<br>(क) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की व्याख्या नहीं करता।<br>(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| ग | असत्य कथन का चयन कीजिए-<br>1. जैविक खेती में कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया जाता।<br>2. जैविक खेती मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने के बजाय घटाती है।<br>3. जैविक खेती किसानों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बेहतर आय दिला सकती है।<br>4. जैविक खेती पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में मदद करती है।<br>विकल्प:<br>(क) केवल कथन 2 असत्य है।<br>(ख) केवल कथन 1 असत्य है।<br>(ग) कथन 2 और 3 असत्य हैं।<br>(घ) सभी कथन असत्य हैं। | 1 |
| घ | जैविक खेती को अपनाने से मिट्टी और पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है? | 2 |
| ड. | जैविक खेती अंतर्राष्ट्रीय बाजार में किसानों के लिए कैसे लाभकारी है? | 2 |
| 2 | निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | 7 |
| | लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,<br>कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।<br>नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,<br>चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।<br>मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,<br>चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | आख़िर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती –<br>कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।<br><br>डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,<br>जा कर खाली हाथ लौट आता है।<br>मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,<br>बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।<br>मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती –<br>कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।<br><br>असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम।<br>कुछ किये बिना ही जय-जयकार नहीं होती –<br>कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। | |
| क | यदि किसी विद्यार्थी को बार-बार असफलता मिल रही है, तो कवि की दृष्टि में उसे क्या करना चाहिए?<br>(क) प्रयास छोड़ देना चाहिए। (ख) अपनी कमियाँ सुधारकर पुनः प्रयास करना चाहिए।<br>(ग) दूसरों को दोष देना चाहिए। (घ) भाग्य पर निर्भर रहना चाहिए। | 1 |
| ख | उचित विकल्प चुनिए –<br>(i) कवि ने असफलता को चुनौती माना है।<br>(ii) कवि ने संघर्ष से भागने की सलाह दी है।<br>(iii) कवि ने निरंतर प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा दी है।<br>विकल्प –<br>(क) (i) और (iii) सही हैं। (ख) (ii) और (iii) सही हैं।<br>(ग) केवल (ii) सही है। (घ) सभी सही हैं। | 1 |
| ग | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –<br>कथन (A): कवि का मानना है कि असफलता ही सफलता की जननी है।<br>कारण (R): क्योंकि असफल व्यक्ति अपनी गलतियों से सीखकर सफलता की ओर बढ़ता है।<br>(क) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) कथन (A) की व्याख्या नहीं करता।<br>(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| घ | इस कविता के अनुसार सफलता प्राप्त करने के लिए हमें क्या करना चाहिए? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| ड. | कवि ने "नन्हीं चींटी" और "गोताखोर" के उदाहरण क्यों दिए हैं? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | **खंड-ख**<br>**व्यावहारिक व्याकरण** | 16 |
| 3 | **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** | 4×1=4 |
| क | लालाजी थैला उठाकर दुकान की ओर चले गए। ( मिश्र वाक्य में बदलिए) | 1 |
| ख | यह वही छात्र है, जो कक्षा में प्रथम आया था। (आश्रित उपवाक्य और उसका भेद पहचान कर लिखिए) | 1 |
| ग | सीता ने खाना खाया और सो गई। ( सरल वाक्य में बदलिए) | 1 |
| घ | सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास बिस्मिल्लाह खां है।( आश्रित उपवाक्य का भेद लिखिए) | 1 |
| ड. | मधु बीमार है इसलिए विद्यालय नहीं गई। ( रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए) | 1 |
| 4. | **निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** | 4×1=4 |
| क | चलो, सोया जाए । ( वाच्य का भेद बताइए) | 1 |
| ख | पान वाले द्वारा देशभक्ति का मजाक उड़ाया गया। ( वाच्य का भेद बताइए) | 1 |
| ग | उसके द्वारा भगत को दुनियादारी से निवृत कर दिया गया । ( कर्तृवाच्य में बदलिए) | 1 |
| घ | लेखक नवाब साहब को कनखियों से देख रहे थे। ( कर्मवाच्य में बदलिए) | 1 |
| ड. | मैं इतने शोर में सो नहीं सकूंगा। ( भाववाच्य में बदलिए) | 1 |
| 5. | **निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए:** | 4×1=4 |
| क | दक्ष आठवीं कक्षा में पढ़ता है। | 1 |
| ख | राधा देर रात तक पुस्तक पढ़ रही थी। | 1 |
| ग | रमेश नित्य दौड़ने जाता है। | 1 |
| घ | नवाब साहब ने खीरे की तैयारी की और थक कर लेट गए। | 1 |
| ड. | शीला जी ने साहित्य का दायरा ही बढ़ा दिया। | 1 |
| 6. | **निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए:** | 4×1=4 |
| क | आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार ।<br>राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार ।।(अलंकार पहचान कर लिखिए ) | 1 |
| ख | धीरे-धीरे हिम आच्छादन, हटने लगा धरातल से।<br>जगी वनस्पतियाँ अलसायी, मुख धोती सीतल जल से।।(अलंकार पहचान कर लिखिए ) | 1 |
| ग | सोहत ओढ़े पीत पट स्याम सलोने गात।<br>मनों नीलमणि सैल पर, आतप परयो प्रभात।।(अलंकार पहचान कर लिखिए ) | 1 |
| घ | पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो ।(अलंकार पहचान कर लिखिए ) | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| ङ. | उपमा अलंकार का उपयुक्त उदाहरण काव्य-पंक्ति द्वारा दीजिए । | 1 |
| | **खंड-ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )** | 30 |
| 7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | 5×1=5 |
| | काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्‌भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन – वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते हैं। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार है। वे जब भी काशी से बाहर रहते हैं तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते हैं, थोड़ी देर ही सही, मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता है और भीतर की आस्था रीड के माध्यम से बजती है। खाँ साहब की एक रीड 15 से 20 मिनट के अंदर गीली हो जाती है तब वे दूसरी रीड का इस्तेमाल कर लिया करते हैं।<br>अक्सर कहते हैं – 'क्या करें मियाँ, ई काशी छोड़कर कहाँ जाएँ, गंगा मइया यहाँ,बाबा विश्वनाथ यहाँ, बालाजी का मंदिर यहाँ, यहाँ हमारे खानदान की कई पुश्तों ने शहनाई बजाई है, हमारे नाना तो वहीं बालाजी मंदिर में बड़े प्रतिष्ठित शहनाईवाज रह चुके हैं। अब हम क्या करें, मरते दम तक न यह शहनाई छूटेगी न काशी। जिस ज़मीन ने हमें तालीम दी, जहाँ से अदब पाई, वो कहाँ और मिलेगी ? शहनाई और काशी से बढ़कर कोई जन्नत नहीं इस धरती पर हमारे लिए।' | |
| क | खाँ साहब काशी क्यों नहीं छोड़ना चाहते थे?<br>क. क्योंकि वहाँ उन्हें अधिक पैसा कमाने का अवसर मिलता था।<br>ख. क्योंकि वहाँ उनकी सारी रिश्तेदारी रहती थी।<br>ग. क्योंकि इस ज़मीन ने उन्हें तालीम दी और यहीं से उन्हें अदब (संस्कार) मिला।<br>घ. क्योंकि वे यमुना के बिना नहीं रह सकते थे। | 1 |
| ख | निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन-काशी में होने वाले संगीत आयोजन के संदर्भ में सत्य है?<br>क. यह संगीत आयोजन हर वर्ष शिवरात्रि के अवसर पर होता है।<br>ख. यह मंदिर शहर के उत्तर में राजघाट पर स्थित है।<br>ग. यह आयोजन हनुमान जयंती के अवसर पर पाँच दिनों तक चलता है।<br>घ. इस आयोजन में केवल उपशास्त्रीय गायन – वादन होता है। | 1 |
| ग | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:<br>कथन (A): खाँ साहब जब भी काशी से बाहर होते थे, तब बालाजी मंदिर की दिशा में मुँह करके शहनाई का प्याला घुमा देते थे।<br>कारण (R): वे अपने मज़हब के प्रति समर्पित होने के बावजूद काशी विश्वनाथ और बालाजी के प्रति अपार श्रद्धा रखते थे। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | क. क़थन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>ख. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>ग. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>घ. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं। | |
| घ | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>(i) बिस्मिल्ला खाँ की आस्था शहनाई के रीड के माध्यम से बजती है।<br>(ii) रीड 15-20 मिनट में गीली होने पर खाँ साहब शहनाई बजाना बंद कर देते थे।<br>(iii) खाँ साहब के अनुसार, शहनाई और काशी से बढ़कर उनके लिए धरती पर कोई जन्नत नहीं है।<br>उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?<br>क. केवल (i) सही है।<br>ख. (ii) और (iii) सही हैं।<br>ग. (i) और (iii) सही हैं।<br>घ. (i), (ii) और (iii) सही हैं। | 1 |
| ड. | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस गद्यांश के संदर्भ में असत्य है?<br>क. खाँ साहब की शहनाई की आवाज़ में उनके भीतर की आस्था रीड के माध्यम से बजती थी।<br>ख. संकटमोचन मंदिर में होने वाला यह संगीत आयोजन पाँच दिनों तक चलता है।<br>ग. खाँ साहब के नाना बालाजी मंदिर में बड़े प्रतिष्ठित शहनाईवादक रह चुके थे।<br>घ. संकटमोचन मंदिर शहर के उत्तर में राजघाट पर स्थित है। | 1 |
| 8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए: | 3×2=6 |
| क | बच्चों द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या प्रदर्शित करता है? | 2 |
| ख | आपकी दृष्टि में भगत की कबीर पर अगाध श्रद्धा के क्या कारण रहे होंगे? | 2 |
| ग | लखनवी अंदाज़' पाठ में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| घ | लेखिका के पिता का स्वभाव शक्की क्यों हो गया था? इस शक का परिवार पर क्या असर पड़ रहा था? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर बताइए। | 1+1=2 |
| 9. | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | 5×1=5 |
| | यह विडंबना ! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं ।<br>भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं ।<br>उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ , मधुर चाँदनी रातों की । | |

| | | |
|---|---|---|
| | अरे खिल - खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की ।<br>मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया ।<br>आलिंगन में आते - आते मुसक्या कर जो भाग गया । | |
| क | कवि किस बात को 'विडंबना' कह रहे हैं?<br>क. सरल हृदय की हँसी उड़ाना और अपनी भूलें या दूसरों का छल सार्वजनिक करना।<br>ख. सुख का स्वप्न देखना और उसका पूरा न होना।<br>ग. चाँदनी रातों की बातें याद करना।<br>घ. दूसरों की प्रवंचना को उजागर करना। | 1 |
| ख | कवि अपनी 'भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की' क्यों नहीं दिखलाना चाहते?<br>क. क्योंकि वे अपनी भूलें स्वीकार करने से डरते हैं।<br>ख. क्योंकि वे अपने जीवन के व्यक्तिगत दुःख और दूसरों के छल को सार्वजनिक नहीं करना चाहते।<br>ग. क्योंकि इससे उनका जीवन अधिक सुखद हो जाएगा।<br>घ. क्योंकि उन्हें याद नहीं है कि कौन-सी भूलें उनकी थीं और कौन-सी दूसरों की। | 1 |
| ग | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस पद्यांश के संदर्भ में असत्य है?<br>क. कवि अपनी सादगी (सरलता) का वर्णन करते हैं, क्योंकि यही उनके उपहास का कारण बन सकती है।<br>ख. कवि ने अपने जीवन के सुख को क्षणिक और अवास्तविक माना है।<br>ग. 'उज्ज्वल गाथा' और 'मधुर चाँदनी रातें' कवि के जीवन के आनंदमय क्षणों का प्रतीक हैं।<br>घ. कवि अपनी आत्मकथा में दूसरों द्वारा किए गए छल को खुलकर और विस्तार से बताना चाहते हैं। | 1 |
| घ | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>(i) 'उज्ज्वल गाथा' और 'मधुर चाँदनी रातों' का उल्लेख कवि के जीवन के सुखद पलों के प्रतीक के रूप में हुआ है।<br>(ii) कवि को लगता है कि दूसरों की प्रवंचना दिखाने में कोई बुराई नहीं है, इसलिए वह आत्मकथा लिख रहे हैं।<br>(iii) 'प्रवंचना' का शाब्दिक अर्थ होता है- धोखा देना या छल करना।<br>उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?<br>क. केवल (iii) सही है।<br>ख. (i) और (iii) सही हैं।<br>ग. और (ii) सही हैं।<br>घ. (i), (ii) और (iii) सही हैं। | 1 |
| ङ. | कथन :को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए (R) और कारण (A)<br>कथन (A): कवि अपनी आत्मकथा में मधुर चाँदनी रातों की उज्ज्वल गाथा नहीं गाना चाहते हैं।<br>कारण (R): कवि को लगता है कि उनकी सुखद गाथा सुनकर लोग उनकी सादगी का उपहास करेंगे और उनके निजी दुखों को समझेंगे नहीं।<br>क. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>ख. कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | ग. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>घ. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं। | |
| 10. | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए: | 3×2=6 |
| क | गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है? | 2 |
| ख | संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं? | 1+1=2 |
| ग | बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है ?यह दन्तुरित मुस्कान कविता के आधार पर बताइए 1 | 2 |
| घ | अट नहीं रही है' कविता के आधार पर फागुन में उमड़े प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। | 2 |
| 11. | पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए: | 2×4=8 |
| क | 'माता का अंचल' पाठ में तीस के दशक की ग्रामीण संस्कृति का चित्रण किया गया है। आपको तीस के दशक की ग्रामीण संस्कृति और आज की ग्रामीण संस्कृति में आपको किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते हैं? | 4 |
| ख | जितने नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं? | 2+2=4 |
| ग | हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ- कहाँ और किस तरह से हो रहा है? | 4 |
| | **खंड-घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | 20 |
| 12. | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:<br>(क) तनाव और मानसिक स्वास्थ्य<br>• तनाव का कारण ।<br>• युवाओं और वयस्कों पर असर।<br>• स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव और समाधान।<br>(ख) बढ़ती महंगाई<br>• बढ़ती महंगाई के कारण I<br>• जनजीवन पर प्रभाव।<br>• समाधान।<br>(ग) युवा और साइबर सुरक्षा<br>• डिजिटल उपकरणों का अधिक उपयोग।<br>• सोशल मीडिया, गेमिंग और ऑनलाइन चैट के खतरे।<br>• सुरक्षा उपाय। | 1×6=6 |
| 13. | (क) आप आरव/आकांक्षा हैं। आप अपने क्षेत्र की टूटी सड़क को ठीक करवाने के लिए अपने क्षेत्र के विधायक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए । | 1×5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | अथवा<br>(ख) आप नीना/सौरभ हैं। आप अपने छोटे भाई/बहन को समय का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए 100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| 14. | (क) आप रिया/अर्जुन हैं। आप बी.कॉम कर चुके हैं। किसी बैंक में क्लर्क के पद के लिए आवेदन करते हुए अपना संक्षिप्त स्ववृत लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(ख)आप प्रियंका/राहुल हैं। अपने शहर में कचरा प्रबंधन और सफाई अभियान के लिए नगर निगम को 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। | 1×5=5 |
| 15. | किसी इलेक्ट्रिक वाहन (ई-स्कूटर/ई-कार) का विज्ञापन 40 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>आपके मित्र का बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए। | 1×4=4 |

***********************